	प्रस्ताव	लम्बाई (कि.मी.)
4.	लखनऊ के चारों और रिंग रोड़	80
5.	सहारनपुर-यमुनानगर-पंचकुला	30
6.	अम्बाला-पोन्टा-हरिद्वार	30
7.	बरेली-पीलीभीत-लखीमपुर बस्ती (असम सड़क तक)	-
8.	दिल्ली-बद्रीनाथ-केदारनाथ-उत्तरकाशी-हरिद्वार	-

नौवीं पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश में किसी राष्ट्रीय राजमार्गो को एक्सप्रैस राजमार्गो मे परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव नहीं हैं।

पत्तनों के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए योजना

1840. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार द्वारा देश के पत्तनों/बंदरगाहों के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए किए गए वित्तीय प्रावधान का ब्यौरा क्या हैं;

(ख) ऐसे प्रत्येक बंदरगाह के लिए कितनी धनराशि खर्च की गई अथवा किए जाने की संभावना हैं;

(ग) क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उपरोक्त आधुनिकीकरण कार्यक्रम में मुंजा, नांगरोल, पोरबंदर और वेरावल बंदरगाहों को भी शामिल किया गया हैं; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में आरंभ किए जाने वाले कार्यो का ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. देवेन्द्र प्रसाद) : (क) और (ख) 1998-99 के दौरान, देश में महापत्तनों के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए 726 करोड़ रू. के परिव्यय अनुमोदित किया गया हैं और इसमें से 340 करोड़ रू. की राशि अक्तूबर, 1998 के अंत तक खर्च की जा चुकी हैं तथा शेष परिव्यय वित्त वर्ष की बाकी बची अवधि के दौरान उपयोग में लाए जाने की संभावना हैं। परिव्यय और खर्च की गई राशि के पत्तनवार ब्यौरे इस प्रकार हैंः-

(करोड़ रू.)

क्रम सं.	पत्तन का नाम	वार्षिक योजना	अक्तूबर, 1998 तक वास्तविक व्यय
1.	कलकत्ता/हल्दिया	30.00	21.19
2.	मुम्बई	110.00	7.90
3.	ज.ला. नेहरू	70.50	5.74
4.	चेन्नई	170.00	129.16
5.	कोचीन	10.00	4.42
6.	बिजाग	50.00	16.68
7.	कांडला	65.50	18.62
8.	मुरगांव	15.00	14.56
9.	पारादीप	120.50	107.79
10.	नव मंगलूर	30.00	8.12
11.	टूटीकोरिन	55.00	5.38
	जोड़	726.00	339.56

(ग) जी, नहीं। प्रश्नगत पत्तन लघु पत्तन हैं और उनके विश्वास और आधुनिकीकरण की जिम्मेदारी गुजरात सरकार की हैं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Conversion of Pathankot-Mandi Highway into National Highway

1841. SHRIMATI CHANDRESH KUMARI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether State Highway from Pathankot to Mandi district *via* Kangra Sub-Division in Himachal Pradesh has been converted into National Highway;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether some renovation/widening programme of this N.H. has been undertaken; and